# स्कूल जा रहे मासूम को ट्रक ने रौंदा

**मौके पर मौत : पलारी तिगड्डा में हादसे के बाद पसरा मातम, चालक हिरासत में**





**कान्हीवाड़ा नवभारत।** कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के पलारी तिगड्डा स्थित सिवनी-मंडला मार्ग पर शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसे में 7 वर्षीय माह्मसूम की मौत हो गई। मृतक की पहचान अनुज चोरिया, पिता सोनू चोरिया के रूप में हुई है। अनुज ग्लोबल स्कूल में पढ़ता था और शनिवार सुबह स्कूल जाने के लिए निकला था। कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी संतोष पंद्रे से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुज को सरिया से भरे ओपन ट्राला ट्रक क्र. NL 01 AK 7758 ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना गंभीर था कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही कान्हीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कान्हीवाड़ा भेजा। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार ट्रक चालक की पहचान अमर सिंह गोंड, निवासी सिहोरा, जबलपुर के रूप में हुई है। चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मामले में पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई एवं जांच की जा रही है।

## पर्वों पर बंद रहेंगी मांस-मछली और चिकन की दुकानें, उल्लंघन पर 500 रुपए जुर्माना

**सिवनी नवभारत।** दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के आवेदन पर नगर पालिका परिषद ने जैन पर्वों सहित निर्धारित धार्मिक अवसरों पर मांस, मछली और मुर्गी की दुकानें बंद रखने के निर्देश जारी किए हैं। 21 सितंबर को जैन पर्व सुगंधमी, 25 सितंबर को पर्युषण पर्व का अंतिम दिन, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती, 11 अक्टूबर को दुर्गा स्थापना दिवस, 20 अक्टूबर को दशहरा और 8 नवंबर को दीपावली पर्व के अवसर पर मांस, मछली, मुर्गी और मुर्गी मांस की दुकानें बंद रहेंगी। यदि कोई दुकान खुली पाई जाती है तो संबंधित विक्रेता पर 500 रुपए का अर्थदंड लगाया जाएगा। साथ ही लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।



सिवनी नवभारत। मां खैरापति मंदिर गणेश उत्सव समिति मंगलीपेठ कस्तूरबा सिवनी

## बिजली गिरने से 12 बकरियों की मौत



**कुरई नवभारत।** कुरई विकासखंड क्षेत्र में शनिवार को मौसम के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ा हादसा हो गया। बिजली की चपेट में आने से कुल 12 बकरियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, घाटकोहका में बिजली गिरने से राहुल की 8 बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। इसी दौरान ढूटेरा निवासी सीताराम पिता मुनेशी आहके की 4 बकरियां भी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईं और उनकी मौत हो गई। बादलपार चौकी प्रभारी इंजन सिंह मर्सकोले ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं मृत बकरियों के पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सक को प्रतिवेदन भेजा गया है।

## मेहता में युवाओं ने अवैध शराब से भरी बोलेरो पकड़ी, वाहन और शराब जब्त



**घंसौर नवभारत।** घंसौर थाना क्षेत्र के ग्राम मेहता में शनिवार को युवाओं ने शराब से भरी एक बोलेरो गाड़ी पकड़ी। ग्रामीणों के मुताबिक बोलेरो वाहन क्र. MP05ZA3636 में मेहता शराब दुकान से शराब ले जाई जा रही थी। गाड़ी में काली फिल्म वाले कांच लगे हुए थे। स्थानीय युवाओं ने बताया कि उन्होंने शराब दुकान से बोलेरो में शराब की पेटियां रखते हुए वीडियो बनाया था। इसके बाद युवाओं ने गाड़ी का पीछा किया और उसे मेहता गांव में रोक लिया। युवाओं को गाड़ी रोकते देख ड्राइवर और उसके साथ मौजूद दूसरे लोग वहां से भाग निकले। इसके बाद युवाओं ने पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पहुंची घंसौर पुलिस ने शराब और वाहन को अपने कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली और उसमें रखी शराब जब्त कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही भी की और बोलेरो गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है।



## ढुटेरा में अव्यवस्थाओं के बीच हुआ जन संवाद

**पलारी नवभारत।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत ढुटेरा में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं की मॉनिटरिंग के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अव्यवस्थाएं और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी साफ उजागर हुई। लारी चौराहा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत ढुटेरा में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य, राजस्व और पंचायत से जुड़ी चार शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। पत्रकार आकाश नामदेव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढुटेरा में लंबे समय से रिक्त डॉक्टर के पद पर स्थायी चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना की मांग की। वहीं राजस्व विभाग से भूमि सीमांकन, शासकीय रास्तों से अतिक्रमण हटाने और ई-केवाईसी संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। पंचायत विभाग से विकास कार्य, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं को लेकर आवेदन दिया गया। अधिकारियों ने सभी शिकायतों के निराकरण के लिए 7 दिन की समयसीमा तय की। कार्यक्रम में अव्यवस्थाएं भी सामने आईं। आदेश के बावजूद स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित नहीं रहे। वहीं कार्यक्रम स्थल पर पंखे और पर्याप्त बैठने की व्यवस्था नहीं होने से अधिकारी व ग्रामीण गर्मी में परेशान नजर आए।

## हर्षोल्लास से मनाई गई राधा कृष्ण अष्टमी



सिवनी नभा। छिंदवाड़ा रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग के समीप सुंदर नगर बम्होडी में आज शनिवार की शाम राधा कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। इस मौके पर कल्पना योगेश उपाध्याय, मुस्कान प्रांजल, सुनीति उपाध्याय, शशि उपाध्याय, अन्नपूर्णा तिवारी, रश्मि दुबे, पिंकी दुबे, चंद्रमुखी मिश्रा, ज्योति सनोडिया, आकांक्षा सनोडिया, आदि महिलाएं शामिल हुई। यहां पर राधा अष्टमी के शुभ अवसर पर छप्पन भोग लगाया गया। व महिलाओं ने भजन कीर्तन कर राधा कृष्ण की स्तुति की।

## सुकवाह में NSL की 'आसान खेती' धान तकनीक की किसान गोष्ठी आज

**गोपालगंज नवभारत।** नुजिवीडू सीड्स लिमिटेड (NSL) द्वारा किसानों को धान की खेती में नई तकनीक एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी देने के उद्देश्य से 'हस्रु आसान खेती' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सादा लाम्बा-मुक्त रिसर्च HT टेक्नोलॉजी धान का क्षेत्रीय प्लॉट प्रदर्शन एवं किसान गोष्ठी आयोजित होगी।

कार्यक्रम 20 सितंबर रविवार को सुकवाह, जिला सिवनी में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में किसानों को DSR (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति के लिए बताई जा रही 'आसान खेती' टेक्नोलॉजी तथा सादा लाम्बा-मुक्त धान की किस्म के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम का उद्देश्य धान की खेती को किसानों के लिए सरल बनाने तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से खेती की संभावनाओं से किसानों को अवगत कराना है। नुजिवीडू सीड्स लिमिटेड ने क्षेत्र के किसानों से कार्यक्रम में शामिल होकर नई तकनीक की जानकारी प्राप्त करने का आह्वान किया है। आयोजकों का संदेश है धान की खेती को आसान बनाना है, किसान को खुशहाल बनाना है।

## छपारा में जगह-जगह विराजे विघ्नहर्ता गणपति



**छपारा नवभारत।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में गणेशोत्सव को लेकर उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। शुभ मुहूर्त में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही 14 सितंबर से दस दिवसीय गणेशोत्सव का आगाज हो गया। नगर के विभिन्न वॉर्डो सहित,सार्वजनिक स्थलों पर आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं।

वहीं घरों में भी श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की। गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश से सुख, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। प्रतिमा स्थापना के समय पंडालों में गणपति बप्पा मोरया के जयघोष गूंजते रहे। छपारा नगर के बस स्टैंड, लोधी वॉर्ड,झंडा चौक महाराणा प्रताप कॉलोनी,जायसवाल कॉलोनी सहित नगर के महाराजा तकिया वॉर्ड सहित अन्य स्थानों में लगभग 25 से तीस सार्वजनिक पंडालों में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई है जिसमें सुबह-शाम श्रद्धालुओं द्वारा पूजन पाठ किया जा रहा है वहीं कॉलोनी क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों द्वारा पंडालों को आकर्षक रूप देने के साथ विद्युत साज-सज्जा भी की गई है। अनेक समितियों ने धार्मिक एवं सामाजिक संदेशों पर आधारित झांकियां तैयार की हैं। आगामी दिनों में पंडालों में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, आरती और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम होंगे। गणेशोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए समितियों द्वारा व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।






## नाले में पेयजल की मुख्य पाइपलाइन, संक्रमण का खतरा

**शंकराचार्य चौक के पास नवनिर्मित नाली में सीवर और पेयजल लाइन एक ही स्तर पर**



**सिवनी नवभारत।** नगर के शंकराचार्य चौक स्थित श्री गणेश मंदिर के पास नवनिर्मित नाली में पेयजल की मुख्य पाइपलाइन गुजारे जाने का मामला सामने आया है।

रहवासियों का आरोप है कि नाली में गंदे पानी की निकासी और पेयजल पाइपलाइन के लिए अलग-अलग हिस्से बनाए गए हैं, लेकिन दोनों एक ही स्तर पर होने के कारण पेयजल लाइन की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने आशंका जताई है कि गंदे पानी के संपर्क में आने से भविष्य में पेयजल दूषित हो सकता है और संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है।

शंकराचार्य चौक के पास नाली से उठ रही दुर्गंध के कारण आसपास के रहवासी परेशान हैं। इसी नाली के अंदर से घरों तक पीने का पानी पहुंचाने वाली मुख्य पाइपलाइन गुजर रही है। रहवासियों के अनुसार पाइपलाइन में लगे वाल्व भी नाली के अंदर ही स्थापित किए गए हैं। उनका कहना है कि पाइपलाइन में खराबी आने या वाल्व खोलने की स्थिति में गंदे पानी के संपर्क से पेयजल की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। रहवासियों ने इंदौर में दूषित पानी से डायरिया और संक्रमण फैलने की घटनाओं का हवाला देते हुए सिवनी की पेयजल व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं।

रहवासियों ने नगर पालिका, एमपीआरडीसी तथा संबंधित जलापूर्ति विभाग से मौके का निरीक्षण कर पाइपलाइन और नाली की स्थिति की जांच कराने की मांग की है। साथ ही पेयजल पाइपलाइन को गंदे पानी के संपर्क से अलग करने, वाल्वों को सुरक्षित स्थान पर स्थापित करने और नाली की दुर्गंध का स्थायी समाधान करने की मांग की गई है।

**पालिका अध्यक्ष बोले, अधिकारियों के साथ करेंगे निरीक्षण**

नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने बताया कि गट्टू से लेकर सड़क निर्माण कार्य एमपीआरडीसी के अंतर्गत हो रहा है। दलसागर के सामने जो फेंसिंग की गई थी, उसे भी एमपीआरडीसी द्वारा हटवाया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों के साथ मौके पर आकर स्थिति का निरीक्षण किया जाएगा।

### एमपीआरडीसी ने नाली निर्माण से किया इनकार

इस संबंध में एमपीआरडीसी के डीएम एनके बर्वे ने बताया कि हमारे द्वारा नालियों का निर्माण कार्य नहीं किया जाता। हमारी टीम ओवरब्रिज का निर्माण कार्य कर रही है। नाली नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आती है। पाइपलाइन के कार्य के संबंध में उन्होंने संबंधित विभाग से जानकारी लेने की बात कही।

### 1500 दीपों से जगमगाया सागर नदी का घाट पीएम नरेंद्र मोदी की दीर्घायु की कामना

**केवलारी नवभारत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्म दिवस के अवसर पर केवलारी नगर में भारतीय जनता पार्टी एवं नगर परिषद केवलारी के तत्वावधान में 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सागर नदी के तट एवं केवलारी नगर के सिविल अस्पताल परिसर में दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया। सागर नदी के घाट पर आयोजित कार्यक्रम में करीब 1500 दीप जलाए गए। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी सिंह बघेल, पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष देवीसिंह बघेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष शिव चौधरी, एस डी एम रेखा देशमुख, मनोनीत पार्षद सुधीर पाण्डे, पार्षद प्रशान्त मोनू तिवारी, पुरुषोत्तम बघेल, अमित तिवारी, सतीष राय, दीपचंद पिपरिया, पूर्व जनपद सदस्य पवन यादव, उपस्थित रहे।

Appendix "E"
Refer to Para 3(b)(ii)

**AN AFFIDAVIT FOR CHANGE OF NAME OF DEPENDENTS ADDITIONAL AMENDMENT IN NAME INCLUDING SPEELLING ERROR IN NAME PROVIDED**

I, Ex-SERVICEMEN/ Airforce Service No -285055 Rank CORPORAL Name Jagdish Prasad Jawaria Resident of 282/K/1, Dwarka Nagar, Area Kasturba Ward, Seoni, The. - Seoni, District - Seoni (M.P.) 480661 do hereby solemnly affirm and declare as under:-

a) That I want to change name of my Spouse and dependent's from Mrs. Lata Jawaria to Mrs. Hemlata Jawaria.

b) That I want to change name of my Daughter and dependent's from Rekha to Ms. Rakhi Jawaria.

Date - 19/09/2026
Place - Seoni

## न्यायालय तहसीलदार, तहसील कुरई जिला सिवनी (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक /0546/अ-6/2026-27
ग्राम दरासीखुर्द प.ह.नं. 34 रा.नि.मं. सुकतरा तहसील कुरई जिला सिवनी

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक यशवंतप्रसाद पिता मूलचंद परिहार, जाति पंवार, निवासी ग्राम दरासीखुर्द तहसील कुरई जिला सिवनी के द्वारा म०प्र० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पेश कर लेख किया है कि, ग्राम दरासीखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 427/1 कुल रकबा 1.78 हे0 भूमि में से 0.59 जो कि वसीयतकर्ता तीजेश्वरी पिता मूलचंद के भूमिस्वामी हक की भूमि है। उक्त भूमि की वसीयत आवेदक के पक्ष में वसीयतकर्ता स्व० तीजेश्वरी पिता मूलचंद के द्वारा की गई है। आवेदक के द्वारा उक्त वसीयत के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। आवेदक के द्वारा अपने आवेदन के साथ वसीयत की छायाप्रति, खसरा की प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर पेश की है।

उक्त संबंध में प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/09/2026 को न्यायालय तहसीलदार कुरई में होना नियत है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त भूमि के वसीयत नामांतरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वह प्रकरण नियत दिनांक 25/09/2026 या उसके पूर्व स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है, समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 18/09/2026 को जारी।

जारी दिनांक :- 18/09/2026
पेशी दिनांक :- 25/09/2026

नायब तहसीलदार कुरई
तहसील कुरई,
जिला सिवनी, म.प्र.

**आयोजन** — अधिवक्ता यशवंत गोल्हानी के सौजन्य से उनके ही प्रतिष्ठान में ढोल बाजे एवं फटाकों के साथ हुआ आयोजन

# उत्साह,उमंग एवं 76 दीप प्रज्वलित कर मनाया गया पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन




**लखनादौन नवभारत।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर लखनादौन नगर में उत्साह एवं उमंग का माहौल देखने को मिला,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन को लेकर आयोजित विशेष कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वर्गों के लोगों ने सहभागिता की कार्यक्रम में बच्चों युवाओं एवं बुजुर्गों ने एक साथ शामिल होकर प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन मनाया और उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

यह विशेष आयोजन अधिवक्ता यशवंत गोल्हानी के सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के दौरान लोगों में खासा उत्साह नजर आया और सभी ने मिलकर प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन को यादगार बनाने का प्रयास किया एवं उज्जवल भविष्य और सुखी जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें समाज के अलग-अलग वर्गों के लोगों ने सहभागिता की, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक साथ उपस्थित होकर प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई दीं।

आयोजित इस कार्यक्रम में नागरिकों की मौजूदगी ने आयोजन को विशेष बना दिया,कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन को मनाया और राष्ट्रहित एवं देश सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद ऊकास सहित नरेश सेन, सुनील तिवारी, तिलक जाटव, रिंकू शुक्ला, नीतेश सोनी, विश्राम पटेल, राजू ठाकुर, प्रफुल्ल सोनी, शीतल गोल्हानी, सचिन तिवारी, प्रशांत यादव, आराध्य साहू, योजश गोल्हानी, काव्यांश गोल्हानी, योगेश यादव, पवन गोल्हानी, सौरभ तिवारी, आदित्य झारिया, अधि. झनकू कुमरे, धनीराम नागेश एवं संजय यादव उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर लखनादौन में उत्साह का वातावरण रहा।

**राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मिले नई ऊर्जा**

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन देशभर में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में लखनादौन में भी नागरिकों ने उत्साह के साथ सहभागिता करते हुए जन्मदिन समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अधिवक्ता यशवंत गोल्हानी के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों की सहभागिता ने आयोजन को सफल एवं यादगार बना दिया।


